आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 मंगलवार 28.04.2026

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया।

2– केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रत्येक राज्य के लिए अलग कृषि रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया गया।

3– मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए ''ई–श्रम साथी'' मोबाइल एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का किया शुभारंभ।

4– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कल दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

केन्द्र–परामर्श

केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया है। राज्यों को सलाह दी गई है कि सुरक्षा उपायों के तत्काल कार्यान्वयन के लिए कर्मियों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को आवश्यक निर्देश जारी करे। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों से कहा है कि वे पर्याप्त पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करें तथा विश्राम स्थलों और कार्यस्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान करें। कामगारों की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय रखने को भी कहा गया है। निर्माण के काम में लगे कामगारों, दिहाडी मजदूरों और अस्थायी मजदूरों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है।

इस बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित इक्कीस राज्यों और दिल्ली के मुख्य सचिवों को पत्र जारी कर देश में लू के दौरान कमजोर वर्ग की सुरक्षा के लिए अग्रिम कार्रवाई करने और राहत उपायों को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

लू–पशुपालक एडवाइजरी

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान और लू के प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड ने पशुपालकों के लिए आवश्यक सावधानियां जारी की हैं। बोर्ड ने कहा है कि अत्यधिक गर्मी में पशुओं को डायरेक्ट हीट के संपर्क से बचाना अत्यंत आवश्यक है। जारी निर्देशों में कहा गया है कि पशुओं को दिनभर छाया उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त आश्रय की व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पशुओं को नियमित रूप से स्वच्छ और ताजा पानी उपलब्ध कराया जाए।

शिवराज सिंह चौहान–बैठक

नई दिल्ली में कल केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रत्येक राज्य के लिए अलग कृषि रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह रोडमैप राज्यों की सहमति से तैयार होगा और किसी पर थोपा नहीं जाएगा। इसमें स्थानीय जलवायु और संसाधनों के अनुसार फसल चयन और वैज्ञानिक खेती पर जोर रहेगा। साथ ही उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए फसल विविधता, नई तकनीक और क्लस्टर आधारित विकास को बढ़ावा जाएगा।

मुख्यमंत्री–श्रम विभाग समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में श्रमिकों के लिए ''ई–श्रम साथी'' मोबाइल एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से समय–समय पर औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण करने को भी कहा।

मुख्य सचिव–बैठक

मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना बनाएं। राज्य में जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों के लिए सीएसआर मद की उपलब्ध राशि का उपयोग करना प्रस्तावित करें। छत्तीसगढ़ राज्य की जलवायु परिवर्तन पर कार्ययोजना के लिए गठित स्टियरिंग समिति की बैठक कल मंत्रालय में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केन्द्र, राज्य की जलवायु परिवर्तन पर कार्य योजना, राज्य में जलवायु परिवर्तन विषयक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और राज्य जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण के गठन और राज्य में कार्बन क्रेडिट आधारित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में विचार–विमर्श किया गया।

मनरेगा–छत्तीसगढ़

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना–मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों के ई–केवायसी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में संतानवे प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई–के वाय सी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। वहीं, प्रदेश में लगभग अंठावन लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन पूरी की गई है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है।

दसवीं / बारहवीं–परिणाम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कल दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव कल दोपहर ढाई बजे नवा रायपुर के महानदी भवन स्थित मंत्रालय में परिणाम घोषित करेंगे। मंडल द्वारा विभिन्न अधिकृत वेबसाइटों के माध्यम से परीक्षा परिणाम को ऑनलाइन देखने की व्यवस्था की गई है।

गौरतलब है कि इस वर्ष दसवीं में तीन लाख बीस हजार से अधिक छात्र और बारहवीं में दो लाख पैंतालीस हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

दुर्घटना

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुए अलग–अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई है।

बीती रात कोरबा जिले के चांपा–फरसवानी मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद वहां से गुजर रही ट्रक से जा भिड़ी। इस हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

वहीं, बिलासपुर में लालखदान ओवरब्रिज के पास कार ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गई है। जबकि, चार अन्य लोग घायल हो गए।

इसी जिले में कोटा से पंडातराई जा रहा बारातियों से भरा एक चारपहिया वाहन नगचुई के पास हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, तेरह अन्य लोग घायल हो गए हैं।

बिलासपुर जिले में ही रलिया गांव के पास कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

<u>ट्रेन परिचालन</u>

पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपध्याय मंडल के गया स्टेशन में सत्ताईस अप्रैल से सोलह मई तक सीसी अप्रोन के डिसमेंटलिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली पटना–चर्लपल्ली–पटना एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

वहीं, मध्य रेलवे द्वारा द्वारा किए जा रहे स्टेशन के पुनर्विकास के कारण हावड़ा –छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस सत्रह मई तक दादर में समाप्त होगी।

इस बीच, गर्मियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा आज पनवेल–खड़गपुर के बीच एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस ट्रेन का ठहराव गोंदिया, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर स्टेशनों में दिया जा रहा है।

<u>जनगणना–मकान सूचीकरण</u>

जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत छत्तीसगढ़ में एक मई से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य शुरू होगा। यह कार्य तीस मई तक चलेगा। इस संबंध में आज रायपुर में जिला जनगणना अधिकारी मनीष मिश्रा ने सभी जनगणना चार्ज अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चार्ज अधिकारी अपने क्षेत्र में आने वाले आर.डब्ल्यू.ए.एस. और हाउसिंग सोसायटियों की बैठक आयोजित कर लोगों के बीच समन्वय बनाएं ताकि प्रगणकों को जानकारी एकत्र करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके साथ ही बंद मकानों या असहयोग करने के मामलों में सोसायटी प्रमुखों या प्रतिनिधियों को प्रगणकों की सहायता करने का आग्रह करें। वहीं, सुरक्षा गार्डों को भी जनगणना कर्मियों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने को कहा गया है।

<u>अग्निवीर भर्ती–प्रशिक्षण</u>

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए जिले में निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। यह प्रशिक्षण जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण चार मई से शुरू होकर चार जून तक चलेगा। इस दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार विभाग के आधिकारिक वेबपोर्टल पर तीस अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

<u>मौसम</u>

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। इसके असर से प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट हो सकती है।

वहीं, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान जांजगीर, रायगढ़ और बिलासपुर के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल उनतीस अप्रैल को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक कल मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे।

– मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने बीते बीस अप्रैल को रायपुर के करेन्सी टॉवर में लिफ्ट अवरोध की घटना की जांच के बाद सभी तकनीकी खामियों को सात दिनों के भीतर दूर करने को कहा है।

– स्कूल शिक्षा विभाग ने महासमुंद के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के खिचरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा तीसरी के छात्र रोशन निषाद ने मुंबई में आयोजित वर्ड पावर चौंपियनशिप में छठवां स्थान हासिल किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>